सभी प्रत्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए निदान हेतु आयोग द्वारा दिनांक 28.01.2016 को एक बैठक बुलायी गई जिसमें मा0 अध्यक्ष के अतिरिक्त मा0 सदस्य एवं परीक्षा नियंत्रक उपस्थित थे। विश्लेषण के उपरान्त निदान हेतु परीक्षार्थियों की शंकाओं का निम्नानुसार निराकरण किया गया :

## प्रथम प्रश्न पत्र (कोड 101)

(1) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या–3 तथा प्रश्न पुस्तिका सेट–B में प्रश्न संख्या–7. हिन्दी दिवस मनाया जाता है: A-14 अगस्त, B-14 नवम्बर, C-14 सितम्बर, D-14 दिसम्बर। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 7,15, व 19 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C-14 सितम्बर है।**

(2) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A में प्रश्न संख्या–10 "अन्धे की लाठी" मुहावरे का अर्थ है: A-एक मात्र सहारा B- अन्धे व्यक्ति की लकड़ी C-प्रिय होना D-विश्वासपात्र।(यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 20,6 व 14 में दिया गया है। )

इस प्रश्न का सही उत्तर A-एक मात्र सहारा है।

(3) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A में प्रश्न संख्या–17. "कृपया जाएं"। यह कैसा वाक्य है : A- प्रश्नवाचक, B-आज्ञावाचक C-अनुरोधवाचक D-इनमें से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 1,9, व 1 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का उत्तर C-अनुरोध वाचक है, जो कि सही है।**

(4) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या–19 –"जो कम बोलता हो" का उत्तर A- अल्पभाषी, B- मिथभाषी, C-अल्पज्ञ D-अतिवादी। (यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 9,8, व 3 में दिया गया है। )

परीक्षण के बाद यह पाया गया कि सही उत्तर मितभाषी था परन्तु टंकण की त्रुटि के कारण प्रश्न पुस्तिका में मिथभाषी छप गया। अतः प्रत्येक अभ्यर्थी को 1 अंक समान रूप से प्रदान किया जायेगा।

(5) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. **प्रश्न संख्या–20**–"पीने की इच्छा" के लिए एक शब्द क्या है:: A.-पिपासु, B-प्यास, C-जिज्ञासा, D-पिपासा।(यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 10,12, व 4 में दिया गया है।)

**इस प्रश्न का सही उत्तर D-पिपासा है ।**

(6) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. **प्रश्न संख्या–23** –जौली ग्रांट हवाई अड्डा स्थित है: A.- ऋषिकेश हरिद्वार रोड पर B–देहरादून हरिद्वार रोड पर C-हरिद्वार जिले में D-देहरादून जनपद में। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 58, 35 व 41 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D-देहरादून जनपद में है ।**

(7) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. **प्रश्न संख्या–33** –निम्न में जौनसारी नृत्य नहीं है: A.- रासो B–बराड़ी C- ठुमकिया D- झूमैलो । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 49, 31 व 24 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D- झूमैलो है ।**

(8) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या– 41 उत्तराखण्ड के किस खिलाड़ी ने ताईक्वाडो में साऊथ एशियन खेल में एक गोल्ड मेडल जीता है: A- मनीष रानवाल B-सुरेन्द्र भण्डारी C-अशोक कुमार D-प्रवीन रावत। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B,C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 37, 25, व 28 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर A–मनीष सनवाल है जिसे अन्तिम उत्तर कुंजी में सही किया जाना है।**

(9) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. **प्रश्न संख्या–45** तथा प्रश्न पुस्तिका सेट–B में प्रश्न संख्या–30–दरवान सिंह नेगी को कौन सा सम्मान प्राप्त है: A-परमवीर चक्र, B-विक्टोरिया क्रास, C-शौर्य चक्र, D-सेना मेडल। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में क्रमशः: प्रश्न संख्या 30, 42 व 32 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B-विक्टोरिया क्रास है।**

(10) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या–52 में उत्तराखण्ड राज्य का शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद मुख्यालय स्थित है। A-नरेन्द्रनगर, B-पौड़ी C-हरिद्वार D-देहरादून। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 27, 22 व 35 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D-देहरादून है।**

(11) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट– A. प्रश्न संख्या–59 कामेट पर्वत की ऊचॉई है **A**-25415 फीट, **B**-25414 फीट, **C**-25413 फीट, **D**-25410 फीट। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 25, 41 व 55 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर 25446 फीट है जो विकल्पों में उल्लिखित नहीं है, अतः इसमें सभी अभ्यर्थियों को 1 अंक प्रदान किया जायेगा ।**

(12) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या–73 निम्नलिखित श्रेणी का अगला पद क्या है: 1, 4, 16, 64..........

A- 864, B- 1024 C- 256 D- 536 । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 64, 77 व 63 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C- 256 है।**

(13) परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त आयोग के संज्ञान में यह बात लायी गई कि प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A में प्रश्न संख्या 74, 75, 76, 77, 78 तथा प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट B- में प्रश्न संख्या– 60, 61, 62, 63, 65 तथा प्रश्न पुस्तिका सेट–C- में प्रश्न संख्या–71, 72, 73, 74, 78 तथा प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–D- में 64, 65, 72, 73, 64 प्रारूप में गलती (कमांक 1, 2, 3, 4 व A, B, C, D को इण्टरचेन्ज हुआ है) होने के कारण प्रश्नों का उत्तर लिखने में परीक्षार्थियों को ओ0एम0आर0 शीट में दिक्कत आई।

**अतः उक्त पांच प्रश्नों के प्राप्तांक अर्थात 5 अंक सभी परीक्षार्थियों को प्रदान किये जायेंगे।**

(14) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट–A. प्रश्न संख्या–98 निम्न में से किसके पास विश्व का सर्वाधिक यूरेनियन भण्डार है: A- आस्ट्रेलिया, B-कनाडा C-रूस D-संयुक्त राज्य अमेरिका। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 79, 82 व 94 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर A- आस्ट्रेलिया है।**

(15) प्रथम प्रश्न पुस्तिका सेट– A. प्रश्न संख्या–100– यूनेस्को का मुख्यालय निम्न में से कहाँ स्थित है : **A**-रोम **B**-जेनेवा **C**-न्यूयार्क **D**-पेरिस । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट B, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 81, 84 व 96 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D-पेरिस है जबकि उत्तरकुंजी में B-जिनेवा दिया गया है। जिसे उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

इस प्रकार प्रथम प्रश्न पत्र ( कोड–101) के कुल प्राप्त 140 प्रत्यावेदनों में उभयनिष्ठ 19 प्रश्नों की शंकाओं का निराकरण आयोग द्वारा गहन छानबीन के पश्चात किया गया।

इस प्रकार प्रथम प्रश्न-पत्र में कुल सेट A के अनुसार प्रश्न सं.-19, 74, 75, 76, 77, 78, 59 कुल सात प्रश्न जिनमें
(7) या तो उत्तर गलत थे या प्रश्न प्रारूप ही गलत पाये गये,
अतः इन सात प्रश्नों के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को सात अंक
(10) समान रूप से दिए जाएंगे। कुल 10 प्रश्न जिनके उत्तर सही पाये गये वे प्रश्न संख्या 03, 10, 17, 20, 23, 33, 45, 52, 73, 98।
जिन प्रश्नों के उत्तर गलत पाये गये - 41, एवं 100।
(2) इस प्रकार सभी 19 शंकाओं का समाधान विधिवत प्रमाणिकता के साथ किया गया है।

सभी प्रत्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए निदान हेतु आयोग द्वारा दिनांक 28.01.2016 व 08–02–2016 बैठक बुलायी गई जिसमें मा0 अध्यक्ष के अतिरिक्त मा0 सदस्य एवं परीक्षा नियंत्रक उपस्थित थे। विश्लेषण के उपरान्त निदान हेतु परीक्षार्थियों की शंकाओं का निम्नानुसार निराकरण किया गयाः

**द्वितीय प्रश्न पत्र (कोड– 202)**

(1) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–3** निम्नलिखित में कौन चल–दायित्व नहीं है– **A-** बैंक अधिविकर्ष **B**–डूबत ऋण हेतु प्रावधान **C-**शोधनीय ऋणपत्र **D-**उपर्युक्त में कोई नहीं।
( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 97, 52 व 28 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C-शोधनीय ऋणपत्र है।**

(2) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–7** एल0सी0डी0 का पूरा नाम है– **A-** लाइट क्रिस्टल डायोड **B**–लिक्विड क्रिस्टल डायोड **C-**लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले **D--** लिक्विड क्रिस्टल डाइनेमो। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 85, 20 व 31 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C-लिक्विड क्रिस्टल डिस्पले है जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

(3) प्रश्न पुस्तिका सेट–B में प्रश्न संख्या–8 आई0एफ0एस0सी0 कोड हेतु कितने अंकों की आवश्यकता होती है : A–9, B–10, C-11, D–12 ( यह प्रश्न , प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या–86, 56, व 32 में दिया गया है)

**इस प्रश्न का सही उत्तर 7 अंक है, जो कि प्रश्न पुस्तिका में त्रुटिवश उत्तर के विकल्पों में नहीं छपा है। अतः प्रत्येक अभ्यर्थी को 1 अंक समान रूप से प्रदान किया जायेगा।**

(4) प्रश्न पुस्तिका सेट–B में **प्रश्न संख्या–10** निम्न में से कौन सी प्रणाली कोषों के स्थानान्तरण की तीव्रतम प्रणाली है– A- NEFT B–IMPS C- RTGS D- AEPS . ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 88, 58 व 34 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B-IMPS है, जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

(5) प्रश्न पुस्तिका सेट–B में **प्रश्न संख्या–13** ई0एफ0टी0 का अर्थ है– **A-** इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफार्मेशन **B–** इलेक्ट्रॉनिक फाइल ट्रांसफर **C-** इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर **D-** इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांजक्शन। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 75, 13 व 36 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C- इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर है।**

(6) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या**–14 WWW( World Wide Web) की खोज कब की गई : **A-**1970 **B**–1984 **C**-1990 D-1999 ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 76, 61 व 37 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर 1989 है जो कि प्रश्न पुस्तिका में त्रुटिवश उत्तर के विकल्पों में नहीं छपा है।** अतः प्रत्येक अभ्यर्थी को 1 अंक समान रूप से प्रदान किया जायेगा।

(7) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–16** ई–कॉमर्स के दृष्टिकोण से निम्न में से कौन सबसे अधिक प्रयोग होता है– **A- B2B B–B2C C- B2G D- G2G.** ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 78, 63 व 39 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – A- B2B है।**

(8) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–17** प्लास्टिक मनी से तात्पर्य है– **A-** डेबिट कार्ड **B**–क्रेडिट कार्ड **C**-उपरोक्त दोनों **D**-उपरोक्त में से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 79, 64 व 40 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – C- उपरोक्त दोनों है।**

(9) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–24** लेखांकन प्रमाप है– **A-** नीतिगत प्रलेख **B**–आचार संहिता **C-** दोनों **D-** इनमें से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 70, 70 व 62 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – A- नीतिगत प्रलेख है जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

(10) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–26** लागत अवधारणा के अनुसार सम्पतियां हमेशा मूल्याँकित की जाती है– **A-** लागत मूल्य पर **B**–बाजार मूल्य पर **C-** क्रय मूल्य पर **D-** उपरोक्त में से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 56,44 व 47 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – C- क्रय मूल्य पर है।**

(11) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–28** शासकीय कर्मचारियों को प्राप्त मनोरंजन भत्ते की कटौती आयकर अधिनियम के अनुसार अधिकतम राशि है– **A-** रू0 5000 **B**– रू0 7000 **C-**वेतन का 20% **D-**बिल्कुल नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 58, 73 व 49 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – A- रू0 5000 है।**

(12) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–30** .......... को अज्ञात दायित्वों के लिये बनाया जाता है– **A-** करों के लिए प्रावधान **B**– अशोध्य ऋणों के लिये संचय **C-** संचय **D-** प्रावधान । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 60, 75 व 67 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – C- संचय है।**

(13) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–34** रहतिया का मूल्यांकन आधारित है– **A-** लेखांकन मानक 6 **B**– लेखांकन मानक 10 **C-** लेखांकन मानक 3 **D-** लेखांकन मानक 2, (यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 48, 78 व 04 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर – D- लेखांकन मानक 2 है।**

(14) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–35** रोकड़ बही है– **A-** रोजनामचा **B**– प्रमाणक **C-** खाता बही **D-** उपरोक्त खातों की सूची । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 49, 79 व 05 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर –C-खाता बही है।**

(15) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–36** तलपट का उददेश्य शुद्धता की जाँच करना होता है– **A-** जर्नल **B**– खाता बही **C-** अन्तिम खाते **D-** व्यक्तिगत खातों की सूची । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में क्रमशः प्रश्न संख्या 50, 80 व 72 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– खाता बही है।**

7

(16) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–44** शाखा की रोकड़ एवं उधार बिक्री क्रमशः रू0 50,000 एवं रू0 1,50,000 है। देनदारों से प्राप्त की गयी राशि रू0 1,50,000 है। देनदार पद्धति के अन्तर्गत शाखा खाते को क्रेडिट की गयी राशि होगी–**A-** रू0 3,50,000 **B–** रू0 2,00,000 **C-**रू0 1,00,000 **D-**रू0 1,50,000। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 26, 86 व 12 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– रू0 2,00,000 है।**

(17) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–46** स्कन्ध की लागत में सम्मिलित किया जाता है–

**A-** ब्याज **B–** कर एवं आवक भाड़ा **C-** बीमा **D-** गोदाम का किराया । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 28, 88 व 14 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– कर एवं आवक भाड़ा है।**

(18) प्रश्न पुरितका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–53** पूँजीगत व्यय वह व्यय है–
**A-** जो व्यापारिक कार्य में किया जाता है **B–** जो विद्यमान सम्पत्ति की मरम्मत पर किया जाता है। **C-** जो स्थायी सम्पत्ति के क्रय पर किया गया हो **D-** उपरोक्त सभी। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुरितका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 19, 94 व 20 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C- जो स्थायी सम्पत्ति के क्रय पर किया गया हो, है, जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

(19) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–59** स्थिति विवरण बनाते समय पुस्तकीय देनदारों को दिखाया जाता है– **A-** सूची 'अ' में **B–** सूची 'ई' में **C-** सूची 'एफ' में **D-** सूची 'जी' में। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 09, 22 व 25 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर C- सूची 'एफ' में है, जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**

(20) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–62** फीफो विधि के अन्तर्गत रहतिया दिखाया जायेगा है– **A-** इसके पुराने मूल्य पर **B–** सबसे हाल की कीमतों पर **C-** औसत मूल्य पर **D-** उपरोक्त सभी पर । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 02, 47 व 98 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– सबसे हाल की कीमतों पर है।**

(21) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–68** लागत अवधारणा के अनुसार सम्पत्तियाँ हमेशा मूल्यांकित की जाती है– **A-** बाजार मूल्य पर **B–** क्रय मूल्य पर **C-** वर्तमान मूल्य पर **D-** उपर्युक्त में से जो भी कम हो। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 14, 44 व 47 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– क्रय मूल्य पर है।**

(22) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–69** कर्मचारियों को भुगतान किये गये बोनस को अंकित किया जाता है– **A-** व्यापारिक खाते **B–** लाभ–हानि खाते **C-** लाभ–हानि नियोजन खाते **D-** उपरोक्त में से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 21, 36 व 88 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर B– लाभ–हानि खाते है।**

(23) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–81** अग्रिम प्राप्त आय मानी जाती है– **A-** एक सम्पत्ति **B–** एक आय **C-** एक व्यय **D-** एक दायित्व । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 51, 01 व 73 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D- एक दायित्व है।**

(24) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–84** आर्थिक आदेश मात्रा क्या है– **A-** किसी आदेश की लागत **B–**स्कन्ध की लागत **C-**पुनः आदेश स्तर **D-**अनुकुलतम आदेश आकार ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 54, 04 व 76 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D- - अनुकुलतम आदेश आकार है।**

(25) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–87** स्रोत पर आयकर की कटौती को आर्थिक चिठ्ठे में दिखाया जायेगा– **A-** सम्पत्ति पक्ष में चालू सम्पत्तियों के अन्तर्गत **B–** सम्पत्ति पक्ष में ऋण एवं अग्रिम के अन्तर्गत **C-** दायित्व पक्ष में चालू सम्पत्तियों के अन्तर्गत **D-** दायित्व पक्ष में प्रावधानों के अन्तर्गत । ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 63, 08 व 70 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर A- सम्पत्ति पक्ष में चालू सम्पत्तियों के अन्तर्गत है।**

(26) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–91** NEFT का पूरा नाम बताइये–
**A-** नेशनल इलैक्ट्रिक फंड ट्रांसमिशन **B–** नेशनल इलैक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसमिशन **C-** नेशनल इलैक्ट्रिक फंड ट्रांसफर **D-** नेशनल इलैक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 73, 13 व 65 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D- नेशनल इलैक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर है।**

(27) प्रश्न पुस्तिका सेट–**B** में **प्रश्न संख्या–96** कम्प्यूटर वायरस है– **A-**हार्डवेयर
**B–** वैक्टीरिया **C-**सॉफ्टवेयर **D-**इनमें से कोई नहीं। ( यह प्रश्न, प्रश्न पुस्तिका सेट A, C, व D में कमशः प्रश्न संख्या 84, 19 व 61 में दिया गया है। )

**इस प्रश्न का सही उत्तर D-इनमें से कोई नहीं है, जो कि उत्तर कुंजी में संशोधित किया जाना है।**